तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024

13 आपस में एकजुटता बनाए रखें व हमेशा समाज के हित ...



14 भरदाकला में हुई जिला स्तरीय पशु मेला व ...





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

Shri Gopala HOSPITAL

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### दुकान में खरीदारी कर रही महिला को युवक ने मारी कुल्हाड़ी

**बालोद।** दूसरी महिला को अपनी पत्नी समझकर रास्ते में युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। महेश भुआर्य ने खुद की पत्नी समझकर राह चलते महिला को कुल्हाड़ी मार दी। मामला डौंडी थाना क्षेत्र का है। बीचपारा चिखली निवासी शीला उइके ने पुलिस को बताया है कि 14 दिसंबर को शाम करीबन 06 बजे किराना दुकान में सामान खरीदने गई थी। सामान खरीदते समय गांव में ही रहने वाले महेश भुआर्य ने पीछे तरफ से आकर बेवजह गाली देते हुए अपने पास रखी कुल्हाड़ी से मेरी कमर के पीछे बाएं भाग में वार कर दिया। इससे कमर में चोट आई है। शीला उइके ने बताया कि ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया। वहीं, महेश भुआर्य ने ग्रामीणों के पूछने पर बताया कि मेरी पत्नी होगी समझकर कुल्हाड़ी से मारा हूं। आरोपी महेश भुआर्य के खिलाफ 15 दिसंबर को थाने में 115(2)बीएनएस, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ग्राम भोइनापार में मड़ई-मेला 21 को

**लाटाबोड़।** ग्राम भोइनापार में 21 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीण देवनारायण साहू ने बताया कि इस अवसर पर लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मोर गंवई गंगा ग्राम परसाही (बोरी) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### चौरेल में गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह 22 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चौरेल में 22 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सर्वप्रथम सतनाम शोभा यात्रा दोपहर 02 बजे से सतनाम धाम चौरेल से प्रारंभ होगी। दीप प्रज्वलित शाम 5 बजे होगा। रात्रि में लोकरंग अर्जुन्दा का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा रामजी भारती होंगे, अध्यक्षता अपर कलेक्टर राजनांदगांव सीएल मारकण्डेय करेंगे। अति विशेष अतिथि पूर्व विधायक, गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, टोमन लाल साहू, नीतिश ग्वालेन्द्र, पुनारत गेण्ड्रे, पंकज चौधरी, संजय बारले होंगे। मंच संचालन एचएल साहू करेंगे।

**जांच : सोमवार देर रात ट्रक की टक्कर से कार सवार 7 लोगों की हो गई थी मौत, 6 हुए घायल**

# चोरहापड़ाव पहुंचे विभिन्न विभागों के अधिकारी दुर्घटना के कारणों का पता लगाने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौण्डी के चोरहापड़ाव में सोमवार रात हुई भीषण दुर्घटना के वास्तविक कारणों को एवं भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हो इसके लिए उच्च स्तरीय जांच समिति घटना स्थल पर पहुंची। चोरहापड़ाव थाना डौण्डी जिला बालोद के पास घटित भीषण सड़क दुर्घटना में घटनास्थल का निरीक्षण सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात, संयुक्त परिवहन आयुक्त, अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा पुमु नवा रायपुर संजय शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम एनएचआई, लो.नि.वि., पुलिस, परिवहन द्वारा घटनास्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। चोरहापड़ाव के पास रंबल स्ट्रीप, साइन बोर्ड, सोल्डर रिपोरिंग एवं रात्रि में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रिफ्लेक्टिव रंबल स्ट्रीप लगवाने संबंधित विभागों को दिशा–निर्देश दिया गया।

बता दें कि 16 दिसंबर को चोरहापड़ाव थाना डौण्डी जिला बालोद में कार एवं ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में 07 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी, जबकि 6 व्यक्ति घायल हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए 17 दिसंबर को सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात, संयुक्त परिवहन आयुक्त, अध्यक्ष अतंर्विभागीय लीड़ एजेंसी सड़क सुरक्षा पु.मु.नवा रायपुर संजय शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम एनएचआई, लो.नि.वि., पुलिस, परिवहन विभाग के द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया।





### खास बातें

- घटना की विकरालता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच समिति ने किया घटनास्थल का मुआयना
- जांच के दौरान पाई गई कई खामियां, संबंधित विभागों को दिए गए आवश्यक दिशानिर्देश



**8 हो गई मृतकों की संख्या :** इस बीच मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। बता दें कि रविवार की देर रात चोरहापड़ाव के पास ट्रक और कार में हुए भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हुई थी और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। लेकिन अब मौत की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। मंगलवार को अस्पताल में इलाज के दौरान महासमुंद घोराडी निवासी रंभा बाई 60 वर्ष की मौत हो गई है। वहीं, अन्य घायलों का इलाज जारी है। चोरहापड़ाव में हुए सड़क दुर्घटना में आरोपी ट्रक ड्राईवर घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

### टीम में ये रहे शामिल

संयुक्त टीम के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग, लो.नि.वि. विभाग से एसडीओ बालोद अजय नाथ, सब इंजीनियर लो.नि.वि चंद्रशेखर पटेल, सब इंजीनियर लो.नि.वि.राष्ट्रीय राजमार्ग वसीम सेख, जिला परिवहन अधिकारी बालोद प्रकाश रावटे, प्रभारी यातायात बालोद राकेश ठाकुर, डिस्ट्रीक रोल आउट मैनेजर टिकेश्वर देशमुख, थाना डौण्डी स्टॉफ सउनि डीएल. रावटे, प्र.आर. यातायात बालोद विष्णु तारम एवं परिवहन विभाग से अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

### पाई गई ये खामियां

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना के वास्तविक कारणों का जानना एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाना है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल में कई अभियांत्रिकीय खामियां पाई गईं। इनमें, चोरहापड़ाव दुर्घटनास्थल में ट्रैफिक कमिंग उपाय सेंटर लाईन, एज लाईन अच्छी तरह से दिखाई नहीं देने से नया मार्किंग करने, रिफ्लेक्टिव स्ट्ड्स लगवाने, घटनास्थल के आस–पास ''दुर्घटना जन्य क्षेत्र, कृपया धीरे चलें'' का संकेतक बोर्ड लगवाने, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रिफ्लेक्टिव रंबल स्ट्रीप लगवाने, एवं रोड सोल्डर 04 इंच नीचे दब जाने से सोल्डर के सुधार करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया है। दुर्घटना का वास्तविक कारण प्रथम दृष्टया वाहन चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक ओव्हरटेक करने से वाहन पर नियंत्रण न रख पाने से दुर्घटना प्रतीत होता है। पुलिस, परिवहन विभाग को शराब सेवन, ओव्हरस्पीड़ चलाने वालों एवं मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक यात्री परिवहन करने वाले वाहन चालकों पर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्राम चिलमगोटा में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम चिलमगोटा निवासी हेमलाल कोसमा 40 वर्ष की अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। मंगलवार सुबह लोगों की आवाजाही शुरू होने पर ग्राम के आवास पारा के मुख्य मार्ग पर खून से लथपथ लाश देखने के बाद ग्रामीणों ने मंगचुवा पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों व पुलिस का अनुमान है कि हेमलाल की हत्या सोमवार देर रात की गई होगी। मृतक के सिर पर तेज धारदार हथियार से वार किया गया है।



- मामला दर्ज कर जांच में जुटे मंगचुवा पुलिस

मंगचुवा पुलिस सहित जिले से पहुंची विशेष जांच दल द्वारा बारीकी से मौका मुआयना किया गया। मंगलवार दोपहर बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए डौंडीलोहारा लाया गया था। परिजनों सहित आसपास के लोगों पुलिस द्वारा अपने स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक सोमवार को ▶▶| शेष पेज 13 पर

## देवसर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती



**बालोद/निकुम।** सतनामी समाज देवसर के तत्वावधान में बाबा संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया। इसके तहत चौका मंगल पंथी आरती के साथ धूमधाम से सतनामी समाज के अनुयायियों ने नए जैतखाम की आरती उतार कर पालो चढ़ाया और सभी ग्रामीणों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही पंथी पार्टी ने बाबा जी के मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। इस अवसर पर सतनामी समाज देवसरा अध्यक्ष राम मंडले ने बाबा घासीदास के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नए जय स्तंभ और नए भवन का उद्घाटन अतिथियों ने किया। इस दौरान पूरे गांव में सुंदर रंगोली सजाकर घर-घर दीपक जलाए गए, वहीं पूरे ग्रामीणों को महाभंडारा में भोजन कराया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद सोना देवी देशलहरे, सरपंच देवी, चिरचार सरपंच नेम भाई साहू, चिकेश्वर साहू, वैद्यराज वीरेंद्र साहू, तेमन लाल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अजय भारती, संरक्षक शंकर देशलहरे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## विभागीय प्रक्रिया से परेशान किसान ने मांगी इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम झिटिया तहसील डौण्डीलोहारा निवासी जीवन लाल पिता सुन्हेर जाति गोंड़ उम्र 55 वर्ष ने इच्छा मृत्यु की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि अपनी जमीन का आधा प्लाट काट देने के बाद उसे सुधरवाने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को ज्ञापन देने तथा उनके चक्कर लगाने के बाद समस्या दूर न होता देख वह कलेक्टर जनदर्शन पहुंचा था।

- जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि उनकी कृषि भूमि पुराना ख.नं 649 रकबा 1.74 हेक्टेयर थी, जो बंदोबस्त के बाद नया खसरा नंबर 267 रकबा 1.35 हेक्टेयर हुआ है, जिससे रकबा में 0.39 हेक्टेयर कम दर्ज हो गया है। किसान जीवन लाल ने आरोप लगाया कि हल्का पटवारी प.ह.नं 22 रा.नि.मं. खेरथा तहसील डौण्डीलोहारा द्वारा बिना मौका देखे मेरे उक्त भूमि का बंटवारा किया। बंदोबस्त में 0.39 हेक्टेयर भूमि काटकर ▶▶| शेष पेज 13 पर



### प्रकरण प्रक्रियाधीन है

किसान जीवनलाल के प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौंडीलोहारा ने बताया कि आवेदक जीवन लाल आत्मज सुन्हेर निवासी ग्राम झिटिया प.ह.नं. 22 तहसील मारीबंगला देवरी के वाद भूमि पुराना खसरा नंबर. 649 रकबा 1.74 हेक्टेयर था, जो बन्दोबस्त के पश्चात नया खसरा नंबर. 267 रकबा 1.35 हेक्टेयर हुआ है, जिसके रकबा में 0.39 हेक्टेयर कम दर्ज हो गया है। उन्होंने, बताया कि वर्तमान में उक्त बन्दोबस्त त्रुटिसुधार का प्रकरण प्रक्रियाधीन है। अधीक्षक, भू–अभिलेख बालोद द्वारा प्रतिवेदित प्रतिवेदन में उल्लेख बन्दोबस्त पूर्व पुराना नक्शा में आवेदित खसरा नंबर का रकबा 1.45 हेक्टेयर है। भूमि के वर्तमान रिकार्ड के अनुसार खसरा नंबर. 267 कुल रकबा 1.35 हेक्टेयर है। इससे संबंधित सभी बटांकन खसरों का कास्त कब्जा के अनुसार स्थल जांच की गई। स्थल नाप करने पर खसरा नंबर. 267 का रकबा 1.45 हेक्टेयर ही होता है।

**बरसात खत्म होने के बाद कीमत कम होने की थी उम्मीद**

# ठंड में भी कम नहीं हो रही सब्जियों की कीमत, बिगड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बरसात खत्म होने के बाद छोटे व ग्रामीण स्तर पर सब्जी भाजी आने की उम्मीद के साथ सब्जियों के दाम कम होने की उम्मीद आम जनता लगा रही थी, लेकिन दाम कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही है। इससे आम जनता की खाने की थाली महंगी होती जा रही है। इससे बजट पर विपरीत असर पड़ रहा है।

जहां एक ओर बरसात में ग्रामीण स्तर के साथ कई लोग अपने बाड़ियों व खेत खलिहान के साथ खाली जगहों में सब्जी भाजियां लगाते हैं, जो बरसात के बाद ठंड में निकलना शुरू हो जाता है। इसे देखते हुए इस वर्ष भी बारिश के बाद ठंड में सब्जियों के दाम कम होने की उम्मीद लगाए बैठी आमजनता को इस वर्ष महंगे दामों में सब्जी खरीदनी पड़ रही है। दुष्यंत ढीमर, संजय ताम्रकर सहित अन्य सब्जी व्यापारियों ने बताया कि एक माह पूर्व मौसम खराब होने के कारण सब्जियों में कीड़े लगने की समस्या का सामना सब्जी उत्पादकों को करना पड़ा था। इसके कारण बड़े स्तर के सब्जी उत्पादक कीटनाशक दवाई व अन्य तरीके अपनाकर जैसे-तैसे अपनी फसलों को बचाया। लेकिन, छोटे स्तर के घरेलू बाड़ी, घरों की खाली जगहों पर सब्जी उगाने वाले खराब मौसम में सब्जियो में पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अपनी फसल को नहीं बचा पाए, जिसके कारण वर्तमान में बड़े सब्जी उत्पादक किसान ही मंडी तक सब्जी ला पा रहे हैं।





**इन दिनों सब्जियों की कीमत:** सब्जियों के दाम में टमाटर 50 रूपए में 2 किलो व 450 कैरेट, सादा मटर 100 रूपये किलो, थोक में 70 रूपये, चाइना मटर मीठा 120 रूपये, थोक में 80 रूपये, फूलगोभी 50 रूपये, थोक में 35 रूपए, सेमी 90 रूपए, थोक में 50 रूपए, नवलगोल 50 रूपए, थोक में 30 रूपए, गाजर 40 रूपए, थोक में 30 रूपये, पत्तागोभी 30 रूपये थोक में 15 रूपये, भाटा 20 रूपये, थोक में 10 रूपये, आलू 40 रूपये, प्याज 50 रूपये, अदरक 80 रूपये, थोक में 50 रूपये, मिर्ची 40 रूपये, थोक में 30 रूपये, धनिया 150 रूपये, थोक में 100 रूपये चल रहा है।

### धान की फसल पर ज्यादा ध्यान दे रहे किसान

कई व्यापारियों ने बताया कि कई लोग धान के बढ़ते दाम के कारण जहां पूर्व में सब्जी की फसल लगाते थे, उसे छोड़ खेतों में बरसात के मौसम में अब धान लगाना पसंद कर रहे हैं, ताकि उन्हें ज्यादा फायदा हो। ऐसे में सब्जी उगाने वालों की संख्या में कमी होने के कारण भी सब्जी की मांग ज्यादा है और उसकी पूर्ति बाजार में नहीं हो पा रही है। इसलिए सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। अब धान कटाई के बाद कई कृषक पुनः सब्जी की फसल लगाएंगे, जिससे आगामी दिनों में पुनः नई फसल आने पर सब्जियों के दाम कम होने की उम्मीद लगाई जा रही है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप




### सिंधी काउंसिल छत्तीसगढ़ इकाई ने बांटे कंबल

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम पुराना राजेंद्र नगर स्थित डॉ. एनडी गजवानी के क्लीनिक में मंगलवार को किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बुजुर्ग, महिला, बच्चे सभी को कंबल वितरित किए गए, जैसे ही सभी जरूरतमंद को कंबल मिले, उनके चेहरे में खुशी छलक उठी। यह कंबल वितरण स्व. कांता देवी जसवानी, स्व. हरीराम तलरेजा, स्व. मोहनलाल तलरेजा, स्व. शंकरलाल रामनानी, स्व. हरीराम सिदारा की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर सुनील कुकरेजा, सुमीत अठवानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, आकाश बजाज आदि शाामिल थे।

### ग्राम बाना में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा ग्राम बाना धरसींवा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम बाना के उपसरपंच टहलराम साहू द्वारा किया गया। दूसरे दिन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जयेश करंजगांवकर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने डिजिटल लिटरेसी एवं अंक ज्योतिष विषय पर अपनी बात रखी। इस शिविर में दल नायक के रूप में बीसीए द्वितीय के छात्र अंतर्यामी बारिक एवं बीएससी तृतीय की छात्रा प्रीति देशलहरे को बनाया गया है।

### बीमा राशि का उल्लेख नहीं होने से कर्मी हो रहे परेशान

**भिलाई।** सेवा ट्रस्ट के सामूहिक बीमा के मामले में जारी सर्कुलर को लेकर सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध से मिलकर मानव संसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र देकर अविलंब दखल देने की मांग की । वर्तमान में प्रबंधन द्वारा जारी ई सहयोग में सेवा ट्रस्ट के तहत बीमा लेने या नहीं लेने के मामले में कर्मियों से 15 दिसंबर तक सहमति मांगी जा रही है लेकिन इसके लिए प्रीमियम भुगतान कितना करना पड़ेगा और कितनी राशि की बीमा हो रही है । इसका कोई उल्लेख नहीं है। यदि इस सर्कुलर में बीमा राशि और अनुमानित प्रीमियम राशि का उल्लेख किया होता तो कर्मियों को निर्णय लेने में ज्यादा सरलता होगी। कर्मियों ने बताया कि सेवा ट्रस्ट के बीमा से संबंधित जारी सूचना के कारण कर्मियों में असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है और बीमा लेने की स्थिति में प्रीमियम यदि दुगुना हो गया तो निर्णय गलत हो सकता है।
सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि 2011 में सेवा ट्रस्ट का चुनाव करवाया गया था।

# पहली बार रविवि ने बिना सुझाव मांगे जारी की समय-सारिणी और हो गई गड़बड़ी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गड़बड़ी हुए बगैर पं.रविशंकर शुक्ल विवि परीक्षाएं हो पाना नामुमकिन है। इस बार रविवि ने पूरे जोर-शोर से नई व्यवस्था अपनाई और पहली बार में ही मुंह की खानी पड़ी। रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी गत दिनों जारी की गई। अब तक प्रस्तावित समय-सारिणी विवि द्वारा जारी की जाती थी। इसे छात्रों के लिए सार्वजनिक नहीं किया जाता था। केवल संबद्ध महाविद्यालय प्रबंधन को इसे प्रेषित किया जाता था। महाविद्यालयों द्वारा इसका निरीक्षण करने के बाद इसमें हुई गलतियों से विश्वविद्यालय को अवगत कराया जाता था।

सभी महाविद्यालयों से सुझाव प्राप्त होने के बाद रविवि द्वारा इसमें सुधार करते हुए अंतिम समय-सारिणी जारी की जाती थी। इसे विद्यार्थियों के लिए भी सार्वजनिक करते हुए रविवि तथा महाविद्यालयों द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड किया जाता था। लेकिन इस बार रविवि ने ऐसा नहीं किया। प्रस्तावित समय-सारिणी के स्थान पर सीधे अंतिम समय-सारिणी ही जारी कर दी गई। इसमें कई तरह की दिक्कतें सामने आई हैं। इसके बाद से महाविद्यालय प्रबंधन और छात्र इसमें बदलाव की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर महाविद्यालय प्रबंधन गुरुवार को अपनी मांग रखेंगे।

## पहले महाविद्यालयों को भेजा जाता था प्रस्तावित टाइम-टेबल

### जांच के बाद भी गड़बड़

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस बार परीक्षा विभाग द्वारा कई स्तर पर समय-सारिणी की जांच की गई थी, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी ना हो। हालांकि प्रत्येक वर्ष सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षा का टाइम-टेबल जार करने से पहले कई स्तर पर इसे जांचा जाता है, लेकिन इस बार प्रस्तावित समय-सारिणी की जगह सीधे स्थायी समय-सारिणी जारी करने संबंधित निर्णय के कारण विशेष रूप से सावधानी बरती गई थी, फिर भी गड़बड़ी हो गई।




### सीए की परीक्षा में बैठते हैं कॉमर्स छात्र

सीए की परीक्षा में कॉमर्स संकाय के अधिकतर छात्र शामिल होते हैं। अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी भी अनुभव के लिए इसमें शामिल होते हैं। इस बार सीए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं 12,14, 16 और 18 जनवरी को हैं। इसी तरह इंटरमीडिएट की ग्रुप-1 की परीक्षाएं 11, 13 और 15 जनवरी को हैं। ग्रुप-2 की परीक्षाएं 17,19 और 21 जनवरी को हैं। इन्हीं तारीखों में रविवि ने बीकॉम की परीक्षाएं भी रखी हैं। छात्र समय-सारिणी जारी होने के बाद से ही चिंतित हैं। यदि रविवि परीक्षा तिथि में बदलाव नहीं करता है तो विद्यार्थियों को दोनों में से किसी एक परीक्षा को छोड़ना होगा।

## चेतना नाट्य मंच पर एक साल का प्रतिबंध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) को एक साल के लिए प्रतिबंधित किया है। गृह विभाग की एक अधिसूचना में इस संबंध में कहा गया है कि यह संगठन आग्नेय अस्त्रों, विस्फोटकों एवं अन्य उपकरणों के उपयोग को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित, विधि, प्रशासन में हस्तक्षेप, उनके द्वारा लोक व्यवस्था, शांति में बाधा एं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा पैदा कर रहा है। इसके साथ ही विधि द्वारा स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए विधि विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त है जो कि राज्य की सुरक्षा के लिए प्रतिकूल है। इसीलिए राज्य सरकार को समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरुद्ध संगठन घोषित करना आवश्यक है। सरकार ने विशेष जन सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से एक साल के लिए विधि विरुद्ध संगठन घोषित किया है। माना जाता है कि ये संगठन राज्य में नक्सलियों के लिए काम करता है।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की कबड्डी स्पर्धा



**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा सिब्बल पैलेस सेरीखेड़ी के मैदान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान को हरियाणा की टीम ने 63-18 के भारी अंतर से हराया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नामदेव साहू एवं विशेष अतिथि कृपाराम साहू सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य कबड्डी फेडरेशन एवं कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 अभिषेक कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया।

# नॉन ट्रेड 40 और खुले बाजार का सीमेंट 20 रुपए महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है कीमत कम कर देती हैं। प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते चार माह से यही सब चल रहा है। बीते माह नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए, इसके बाद हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। अब फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 270 से 300 रुपए हो गया है, वहीं यह चिल्हर में चिल्हर में यह 300 से 330 रुपए में बिक रहा है।

- चार माह से चल रहा है कीमत कम ज्यादा करने का बड़ा खेल

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।



### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने बीते माह प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे करके अंततः बढ़े हुए 15 रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसको भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। अब वापस कंपनियों ने फिर से खुले बाजार के सीमेंट के साथ अब नॉन ट्रेड के भी दाम बढ़ा दिए हैं।

### चिल्हर में दाम 330 तक

सीमेंट कंपनियों ने इस माह खुले बाजार के सीमेंट के दाम 20 रुपए बढ़ाए। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले इस समय अलग-अलग कंपनियों का सीमेंट थोक में 60 बोरी लेने पर 270 से 300 रुपए में बेच रहे हैं। इसमें तीन रुपए प्रति बोरी अनलोडिंग का शुल्क अलग है। इसी के साथ एक टन का भाड़ा भी दो सौ रुपए लिया जाता है। अगर कोई ग्राहक चिल्हर में दो से पांच बोरी सीमेंट ले रहा है तो उसके घर की दूरी के हिसाब से कीमत 330 रुपए तक भी पड़ रही है।

## शालेय शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव के साथ बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शालेय शिक्षक संघ ने राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए डीपीआई द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में हुई गम्भीर त्रुटियों को सामने लाते हुए उसे दूर कर जल्द पदोन्नति देने की मांग की है। संगठन की ओर से इसके लिए ज्ञापन के साथ त्रुटियों की सूची भी विभाग को सौंपी गई थी। इसी सिलसिले शिक्षा सचिव कार्यालय से आमंत्रण मिलने पर शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, अवर सचिव आरपी वर्मा और उपसंचालक आशुतोष चावरे के साथ मंत्रालय में बैठक हुई। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, महासचिव धर्मेश शर्मा तथा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए जारी वरिष्ठता सूची की गंभीर त्रुटियों को दूर करने तथा प्राचार्य और व्याख्याता पद पर जल्द पदोन्नति देने की मांग रखी ।

- प्राचार्य व व्याख्याता पद पर जल्द पदोन्नति हो

प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बैठक के बाद बताया कि शिक्षा सचिव के साथ बैठक सार्थक रही। उन्होंने इन त्रुटियों को जल्द दूर कर प्राचार्य और व्याख्याता पदोन्नति शीघ्र करने का भरोसा दिलाया है। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों से भी अपील की है, वे इन त्रुटियों को साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें उस पर कार्यवाही जरूर होगी और उन गलतियों को दूर किया जायेगा।

## अब राइस मिलर्स एसोसिएशन भी मिलिंग के लिए तैयार जताया सरकार पर भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ में राइस मिलरों और सरकार के बीच जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि हमें 2023-24 का भुगतान जल्द होने में शंका थी, क्योंकि हमारा कस्टम मिलिंग कार्य अपूर्ण था जिसकी जानकारी हमने राज्य सरकार के समक्ष भी रखी। अब सरकार शीघ्र भुगतान का रास्ता बना चुकी है, साथ ही 2022-23 के भुगतान पर भी भरोसा दे रही है । हमें भी सरकार पर भरोसा है । उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही मिलरों के एक गुट ने सरकार के साथ मिलकर मिलिंग करने पर सहमति जताई थी। उस समय एसोसिएशन तैयार नहीं था। लेकिन अब एसोसिएशन का रुख बदला है। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने एक बयान जारी कर कहा है कि मिलर्स ने सरकार के साथ बकाया भुगतान सहिंत अन्य विषयों का समाधान ना हो पाने पर कार्य ना करने असमर्थता का पत्र प्रदेश एसोसिएशन को लिखित में दिया । प्रदेश एसोसिएशन ने सीएमआर कार्य करने का निर्णय मिलर्स पर छोड़ा था । हमने मिलर्स के 2022-23 के प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रमुख मांग सरकार के समक्ष रखी जिसमें कुछ तकनीकी दिक्कत के कारण राज्य सरकार ने 2023-24 के प्रथम किस्त के भुगतान करने का निर्णय लिया।

हमें 2023-24 का भुगतान जल्द होने में शंका थी क्योंकि हमारा कस्टम मिलिंग कार्य अपूर्ण था जिसकी जानकारी हमने राज्य सरकार के समक्ष भी रखी । अब सरकार शीघ्र भुगतान का रास्ता बना चुकी है साथ ही 2022-23 के भुगतान पर भी भरोसा दे रही है । हमें भी सरकार पर भरोसा है ।

## मंदिर में चोरी, रुपए से भरी दान पेटी ले गया चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खम्हारडीह क्षेत्र में स्थित सुरेश्वर महादेव पीठ मंदिर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर में रखी रुपए से भरी दान पेटी चोरी कर ले गए। घटना 16-17 दिसंबर की दरम्यान रात की है। मंदिर थाना से करीब दो सौ मीटर दूरी पर है। इसके बाद भी मंदिर में चोरी होना कहीं न कहीं पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है।



पुलिस के अनुसार मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने घटना की रिपोर्ट मंगलवार को सुबह थाने में दर्ज कराई है। पुजारी के अनुसार रात को मंदिर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाने के बाद वह अपने घर लौट गया। सुबह जब पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचा तो दरवाजा पर लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा, तो दान पेटी गायब थी। उन्होंने बताया कि दान पेटी में चढ़ावा के लगभग दस हजार रुपए थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कबीरपंथी साहू समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन चार जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज द्वारा दो दिवसीय 4 और 5 जनवरी को 14वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन और परिचय पुष्प का विमोचन कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम विधानसभा भवन के पास ग्राम बरौदा में सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू ,महासचिव संतोष साहू व केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रेमनारायण चौधरी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को सुबह 9 बजे ग्रामवासियों तथा अतिथियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ अतिथि स्वागत एवं पदाधिकारियों का उद्बोधन, अतिथियों के स्वागत के साथ सामाजिक परिचर्चा, युवा सम्मेलन, प्रबुद्धजनों का सम्मान, समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान के साथ रात्रि 8 बजे से संगीतमय भजन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन समस्त कबीरपंथी समाज के अतिथियों व संतजनों का पुष्पहार से स्वागत तथा पदाधिकारियों द्वारा उद्बोधन तथा समस्त ग्रामीण अंचलों से आए हुए भजन मंडलियों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

## केवल शपथपत्र देकर ले सकेंगे दस बिस्तर के अस्पताल और क्लीनिक का लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नर्सिंग होम एक्ट के तमाम मापदंडों को पूरा करने का शपथ पत्र देकर दस बिस्तर के अस्पताल अथवा क्लीनिक का संचालन किया जा सकेगा। ऐसे अस्पतालों और तमाम विधाओं के क्लीनिक को स्वतः लाइसेंस प्राप्त हो जाएगा। 11 से 30 बेड वाले नर्सिंग होम को लाइसेंस देने तीन माह के भीतर सीएमएचओ की टीम द्वारा निरीक्षण अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें स्वतः पंजीकृत मान लिया जाएगा। तीस बिस्तर तक की क्षमता वाले छोटे निजी अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत दी गई है।

- छोटे नर्सिंग होम को मिली एक्ट में राहत, पांच साल बाद पुन: पंजीयन

इसके लिए राज्य सरकार द्वारा क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट 2013 में पिछले दिनों संशोधन करते हुए सभी विधाओं के चिकित्सा संस्थानों को नियमों में छूट प्रदान की गई है। संशोधित नियम के अनुसार अब सभी पद्धति वाले क्लीनिक निर्धारित मापदंडों को पूरा करने का शपथपत्र देकर ऑनलाइन तरीके से लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। 11 से 30 बिस्तर के अस्पतालों को नियमों का पालन करते हुए आवेदन करना होगा, जिस पर तीन माह के भीतर संबंधित जिले की टीम निरीक्षण करेगी।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में विकसित होगी उपचार सुविधा

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि छोटे अस्पताल के लिए नर्सिंग होम एक्ट का सरलीकरण का लाभ स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के रूप में मिलेगा। सुदूर इलाकों में इससे छोटे अस्पतालों की संख्या में विस्तार होगा और उपचार सुविधा विकसित होगी। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डा. महेश सिन्हा, डा. विकास अग्रवाल और डा. अनिल जैन ने कहा, इससे 30 बिस्तर तक के अस्पतालों के पंजीयन में आसानी होगी।

## हड़ताल: बीएसपी सेफ्टी व क्वालिटी सर्किल से कर्मियों के नाम काटने से बढ़ेगा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कार्यपालक निदेशक के नाम का ज्ञापन सौंप कर 28 अक्टूबर की हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का नाम सेफ्टी एंड क्वालिटी सर्कल से काटे जाने को बदले की कार्रवाई बताते हुए इसका विरोध किया है और इन कर्मचारियों का नाम जल्द सेफ्टी एवं क्वालिटी सर्किल टीम में जोड़ने की मांग की है । यूनियन ने भविष्य में इस तरह के किसी भी दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई से भिलाई में अशांति निर्मित होने की चेतावनी दी है ।

- संयुक्त यूनियन ने कार्यपालक निदेशक को सौंपा ज्ञापन



संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने बताया कि इंटक, बीएमएस, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन ने संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को सौंपा, जिसमें यूनियन ने सेफ्टी सर्कल एंड क्वालिटी सर्कल टीम से हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का नाम काटे जाने को दुर्भावना पूर्ण बताते हे इनका नाम जल्द जोड़ने की मांग की । यूनियन ने कहा कि 28 अक्टूबर को पूरे सेल में कर्मचारियों ने वेज रिवीजन सहित अन्य जायज मांगों को लेकर हड़ताल किया । बीएसपी के कर्मचारी भी यूनियन के आह्वान पर मांगों को लेकर हड़ताल में शामिल हुए थे। जायज मांगों के लिए शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन और हड़ताल करना कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार है। भिलाई में संयुक्त ट्रेड यूनियन के परिपक्व नेतृत्व के कारण हड़ताल शांतिपूर्ण रही। प्रबंधन से इसी तरह की परिपक्वतापूर्ण व्यवहार करने की अपेक्षा की जा रही थी ।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में एजेंटों की बढ़ी गुंडागर्दी, सवारी बैठाने की बात पर आपस में भिड़े, एक को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में एजेंटों की गुंडागर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। एजेंटों द्वारा यात्रियों से दादागिरी कर उनका जबरदस्ती टिकट काटकर बसों में बैठाया जा रहा है। एजेंटों की गुंडागर्दी इतनी बढ़ गई है कि अब इन लोगों के बीच ही टिकट काटने व सवारी बैठाने की बात को लेकर टकराव होने लगा है। यही कारण है कि सोमवार देर रात बस एजेंटों के बीच इसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। इसके बाद एक गुट के एजेंटों ने मिलकर दूसरे गुट के एजेंट पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। इधर घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

- घटना से यात्रियों में दहशत व्याप्त



टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजकर 5 मिनट पर बसस्टैंड में यात्रियों का टिकट काटने के विवाद पर प्रार्थी रोशन सिंह का आरोपियों अम्मू, फैजान एवं समीर के साथ विवाद हो गया। सभी एजेंट का काम करते हैं। इनके बीच पूर्व में भी करीब 3 से 4 बार टिकट काटने व सवारी बैठाने की बात को लेकर विवाद हो चुका है, लेकिन इस विवाद को लेकर किसी ने भी थाने में शिकायत नहीं की। घटना के समय रोशन और आरोपियों के बीच इसी बात को लेकर फिर विवाद हुआ, लेकिन इस बार यह विवाद बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस दौरान आरोपियों ने मिलकर रोशन से गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में रोशन की कमर के पास चाकू से दो बार वार किए गए हैं, जिससे वह पूरी तरह से लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जिसे गंभीर अवस्था में मेकाहारा में दाखिल कराया गया है। इधर घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 109, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। अंतर्राज्यीय बस स्टैंड जब से पंडरी से हटाकर भाठागांव हाईटेक बसस्टैंड में शिफ्ट किया गया है, तब से यहां एजेंटों की गुंडागर्दी देखी जा रही है। बसस्टैंड में आए दिन एजेंटों की गुंडागर्दी की शिकायतें पुलिस तक भी पहुंच रही हैं। इसके बाद भी एजेंटों पर लगाम लगाने में पुलिस विफल रही है।

### मेन गेट से पकड़कर जबरदस्ती बस में बैठाकर टिकट काट रहे

एजेंटों द्वारा यात्रियों को जबरदस्ती पकड़कर बस में बैठाकर उसका टिकट काटने के मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। इन मामलों के उजागर होने के बाद प्रशासन द्वारा कई बार कार्रवाई भी की गई है, लेकिन इसके बाद भी एजेंटों की गुंडागर्दी यहां जारी है। एजेंटों की गुंडागर्दी इसी से देखी जा सकती है कि मेन गेट के पास एंट्री करते ही यात्रियों को एजेंट घेर लेते हैं और जबरदस्ती बस में बैठाकर उनका टिकट काट देते हैं।

### असामाजिक तत्वों का भी बढ़ा जमावड़ा

बसस्टैंड में असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा बना हुआ है। रात के समय में असामाजिक तत्वों के कारण यात्रियों में खौफ देखा जा रहा है, क्योंकि रात में कई लोग यहां नशे की हालत में घूमते-रहते हैं। इन लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टी यहां गश्त तक नहीं करती, जिसके कारण उनके हौसले बढ़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### कलर अवार्ड मिलने पर एसपी को चेंबर ने दी बधाई

**भिलाई।** जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को देश का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति कलर अवार्ड से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मानित किया। उनकी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के दुर्ग जिला इकाई चैयरमेन पवन बड़जात्या ने एसपी शुक्ला से मुलाकात की और बधाई दी। छत्तीसगढ़ पुलिस को अपनी सत्यनिष्ठा, मानवीय गरिमा और पिछले 24 वर्षों के शानदार ट्रैक रिकार्ड के लिए दुर्ग जिला एसपी जितेंद्र शुक्ला को देश का सर्वोच्च पुलिस सम्मान मिला है।

### सतनाम परियोजना से किया जा रहा जैतखामों का जीर्णोद्धार

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्मजागरण समन्वय गतिविधि अंतर्गत सतनाम परियोजना, दुर्ग के तत्वावधान में दुर्ग जिले के अंतर्गत रखरखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति वाले जैतखाम का किया जा रहा रंगरोगन के साथ जिर्णोद्धार के कार्य। संतशिरोमणि बाबा गुरूबाबाघासीदास के 268वीं जयंती 18 दिसंबर के अवसर पर सभी सेतखाम में सत्य अहिंसा व मानवता के प्रतीक स्वेत ध्वज का होगा ध्वजारोहण होगा। सेवा कार्य में जिला सतनाम परियोजना प्रमुख संजय गायकवाड़, जिला सह प्रमुख सतनाम परियोजना योगेंद्र देशलहरा, समाज सेवी राम बंजारे, प्रांत सह प्रमुख सतनाम परियोजना किशोर कुमार भारद्वाज, धर्म जागरण समन्वय दुर्ग विभाग संयोजक महेश कुमार नायडू की टीम जुटी हुई है।

### खेल भवन की राशि को समाज के भवन को दिया

**भिलाई।** अर्जुन क्रीडा मंडलव व्यायाम शाला समिति भिलाई तीन अध्यक्ष दीपेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में जमकर फर्जीवाडा चल रहा है। वार्ड 9 में स्थित अर्जुन क्रीडा मंडल द्वारा संचालित व्यायाम शाला के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार द्वारा दी गई राशि को अन्य सामाजिक भवन में उपयोग किया गया। लेकिन अर्जुन क्रीडा मंडल के पदाधिकारी भिलाई-चरोदा निगम के इंजीनियर और जनप्रतिनिधियों का चक्कर काटते रहे। व्यायाम शाला में अतिरिक्त भवन की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व मंत्री ने 5 लाख रुपए राशि स्वीकृति दी थी। दीपेश शर्मा ने बताया कि बकायदा इसके लिए टेंडर भी जारी हुआ।

## पूर्व गृहमंत्री ने कोनारी में तहसील स्तरीय सामुदायिक कर्मा भवन का किया लोकार्पण

# आपस में एकजुटता बनाए रखें व हमेशा समाज के हित में काम करें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम कोनारी में तहसील स्तरीय सामुदायिक कर्मा भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज के सदस्यों को आपस में एकजुटता बनाए रखने तथा हमेशा समाज के हित में काम करने को कहा।

■ अपनी पत्नी की स्मृति में कमला सदन भवन के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की

कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज को कैसे सशक्त और अच्छा बनाया जाए, इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमारा समाज दूसरों के लिए मिसाल बने इसके लिए अपने समाज को कुरीतियों से दूर रखना होगा। श्री साहू ने आगे कहा कि हम सभी में प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने का जुनून होना चाहिए। एक कार्य के पूर्ण होने के पश्चात ही दूसरा कार्य प्रारंभ करना चाहिए और निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, इससे आने वाली पीढ़ी को लाभ मिलेगा।





### पूर्व मंत्री रमशीला ने सामाजिक समरसता पर दिया जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ अध्यक्ष पूसऊ राम साहू ने कहा कि आप सबके मार्गदर्शन से आज दुर्ग तहसील समाज को नया भवन मिला है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से नया भवन मिला है। ऐसा 25 साल बाद आज यह अवसर प्राप्त हुआ। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि आज एक गौरव का दिन है। हर समाज का भवन होना जरुरी है। प्रत्येक सामाजिक व्यक्ति के परिश्रम का परिणाम है कि आज भवन बना। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता हमेशा बनी रहे।

सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि, अपने समाज के कार्यक्रमों में अन्य समाज के लोगों को भी बुलाएं, ताकि दूसरे समाज के साथ भी हमारे संबंध अच्छे हों। इस अवसर पर ताम्रध्वज साहू ने अपनी पत्नी स्व. कमला साहू की स्मृति में कमला सदन भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की।

तहसील साहू संघ के मिडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री एवं प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव, अति विशिष्ठ अतिथि रमशीला साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन, नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, खिलावान साहू, लक्ष्मी साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, देवेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, टिकेश्वरी देशमुख, सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग सहित भरत चन्द्राकर, तहसील अध्यक्ष पुसूऊ राम साहू, उमाशंकर साहू, दयाराम साहू सरपंच परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, तहसील के सदस्य, जिला साहू समाज, ग्राम पंचायत कोनारी उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या मौजूद थे।

# श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की तहसील इकाई गठित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रदेश के सबसे बड़े धर्म संगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के विस्तार के लिए क्षेत्र में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान तहसील ईकाई डौंडीलोहारा का गठन 18 दिसंबर को किया गया।

■ उपाध्यक्ष योगेंद्र सचिव लालेश्वर सहसचिव गजेंद्र साहू बनाए गए

इसके लिए श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बड़गांव (डौंडीलोहारा) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश प्रसाद देशमुख मुख्य संपादक मानस मंजूषा, विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम साहू थे। इसमें डौंडी लोहारा क्षेत्र के मानस और धर्म क्षेत्र से जुड़े सभी व्यक्ति, संस्थाएं, मंडली, संगठन , समितियां सम्मिलित हुई। बलराम साहू ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में गांव गांव में राम चरित मानस का आयोजन किया जा रहा है, पर कहीं-कहीं कुछ विकृतियां सामने आ रही हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास संगठन माध्यम से किया जा रहा है। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जगदीश प्रसाद देशमुख ने श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के संबंध में जानकारी दी।


उसके बाद तहसील ईकाई डौंडी लोहारा में पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक गणेश राम यदु, विजय पटेल, सनत दुबे, रोहित देशमुख बनाए गए। उपाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, सचिव लालेश्वर पटेल, सहसचिव गजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष श्रवण यादव, संयोजक लालेश्वर साहू, सहसंयोजक युगल किशोर साहू, समन्वयक तोषण चुरेंद्र, सह समन्वयक मोना तारम, मीडिया प्रभारी गौकरण गंजीर बनाए गए।

**अभ्यार्थियों का नहीं हो पाया था सत्यापन**

# पुलिस भर्ती में अब दस्तावेजों की जांच, तीन जिलों में लगी थी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023-24 के लिए हाईकोर्ट द्वारा भर्ती पर लगाई गई रोक के दौरान जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पाया था। उनके लिए नई तिथि जारी कर दी गई है। पुलिस भर्ती प्रक्रिया में हाईकोर्ट बिलासपुर ने बीते 27 नवंबर को रोक लगा दी थी। दुर्ग जिले में जिला पुलिस बल आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू थी। यहां दुर्ग रेंज के लिए दुर्ग बालोद और बेमेतरा तीन जिलों के लिए भर्ती शुरू की जा रही थी। इसी दौरान हाईकोर्ट बिलासपुर ने भर्ती प्रक्रिया में रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए फिर से प्रक्रिया को संशोधित प्रावधान के साथ शुरू करने का आदेश दे दिया है। इस दौरान 8 दिसंबर और उसके आगे के प्रवेश पत्र का मान्य किया गया था। 27 से 8 दिसंबर के बीच जारी हुए प्रवेश पत्र को रोक दिया गया था। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को रोका गया था। उनके लिए नई डेट तय कर दी गई है। अब वो अपने पुराने तिथि और उसकी जगह तय की गई नई तिथि में तय समय पर अपने दस्तावेजों की जांच के लिए पहुंच सकते हैं। वह लोग नई तिथि और समय पर आकर फिजिकल टेस्ट दे पाएंगे। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में केवल शहीद पुलिसकर्मियों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवानों के बच्चों को ही छूट मिलनी चाहिए। अन्य सभी अभ्यर्थियों के लिए समान नियम लागू होंगे।अब 1 से 10 जनवरी दुर्ग, राजनांदगांव 25 दिसंबर से 3 जनवरी तक चलेगा।



## पर्यटकों को लुभा रहा तांदुला का नजारा...



**बालोद।** कंपकंपाती ठंड में तांदुला का नजारा देखते ही बन रहा है। एक छोर से दूसरे छोर की ओर देखने पर नीला आसमान और बांध का स्वच्छ पानी आपस में मिलते हुए दिखाई दे रहे हैं। तांदुला के इस मनमोहक दृश्य को देखने इन दिनों पर्यटक उमड़ रहे हैं।

# बटरेल में मनाई गई गुरु घासीदास बाबा की जयंती



**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल में गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन लालेश्वर साहू थे, अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू ने की। अधिकारी सेवा सहकारी समिति सुरपा, जनपद सदस्य झरना साहू, अधिकारी बटरेल कमलेश साहू, सुधीर बछोर, यशवंत आठे, प्राणमाथ साहू, सूरज निर्मालकर, संजू साहू, रामदाश बंदे, रघुनंदन बंदे, देवेंद्र गेंड्रे, थानसिंग बंदे, भुवन दास महिलागे, हरीश चंद देशप्यारे, जागेश्वर महिलांगे उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### ग्राम चिलमगोटा ...

धान बेचने मंडी गया था। शाम लगभग साढ़े 6 बजे उन्हें गांव की ही एक दुकान से कुछ सामान खरीदते देखा गया था। उसके बाद से उसकी कोई भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि सोमवार शाम साढ़े 6 से मंगलवार को सुबह साढ़े 6 बजे के बीच ही उसकी हत्या की गई है। मृतक अपनी माँ, पत्नी व दो बच्चों के साथ गांव में ही रहता था।

उसके भाई ग्राम में अलग अन्य घर पर रहते हैं। दूसरे दिन बुधवार को भी जिले के उच्चाधिकारियों सहित मंगचुवा पुलिस की टीम ने मौका मुआयना करते हुए अलग-अलग एंगल से जांच की। टीआई राधा बोरकर ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। उम्मीद है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### विभागीय प्रक्रिया से ...

हल्का पटवारी ने पूरे आधा प्लाट काट दिया। जीवन लाल ने कहा कि मेरे कोई संतान नहीं होने के कारण मैं अपने भांजियों का नाम खाता में शामिल किए जाने के लिए आवेदन किया था, जिसे तहसीलदार के बाबू ने वापस कर दिया। बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए आवेदन दिया, जिसे तहसीलदार मार्रीदेवरी बंगला देवरी ने खारिज कर दिया। मैं 07 बार तहसीलदार व बाबू को आवेदन सौंपा, 4 बार एसडीएम या बाबू को आवेदन सौंपा, लेकिन आज तक अधिकारियों द्वारा आवेदन पर कौन सी कार्यवाही की यह पता नहीं चला।

**राज्य में सरकार गठन के एक वर्ष पूरे होने पर महिला व बाल विकास विभाग ने किया आयोजन**

# शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का किया गया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत निकुम में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला बाल विकास विभाग की तरफ से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोद भराई कार्यक्रम में राजेश्वरी देशमुख, याशु यादव, राजनंदनी धनकर, पूर्णिमा यादव की गोद भराई की गई। वहीं, जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं इन्दु व नीतू का सम्मान शाल और श्री फल भेंटकर किया।

इसी तरह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में जल जीवन मिशन अंतर्गत पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी के समस्त 3 से 6 वर्ष बच्चों ठनिश, नयन, यूवान, कुणाल, विवान, गुलशन, लक्ष्य, खोमेन्द्र, तेजश, धनराज, मानस, मिराज, विनय, डिश्रांग, तनय, वाशु, सागर, टोमेश, देवांश, ओम, सार्थक, कव्यांश, जयंत, ग्रंथ, जिविका, लतिका, देविका, सेजल, वेदिका, कृतिका, प्राची, नेशिका, प्रियांशी, मोनिका, राशि, वंदना, कशिश, जाह्नवी, पलक



को विभाग द्वारा पानी बोतल का वितरण किया गया। परियोजना उषा झा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से श्री देशमुख को स्मृति चिन्ह एवं शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में पर्यवेक्षक रेखा लोनारे ने आभार किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता मिर्झा, लक्ष्मी बेलचंदन, अंबिका लहरे, ममता यादव, भुनेश्वरी, प्रभा मेश्राम एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

### कुर्सी दौड़ का किया गया आयोजन

सरकार की जन हितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों के अंतर्गत महतारी वंदना योजना से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, किशोरी बालिकाओं की कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर संध्या, द्वितीय स्थान पर साधना, तृतीय स्थान पर सावित्री रही। बालिकाओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना, द्वितीय स्थान पर मोनिका, तृतीय स्थान पर हिमानी रही। इसी तरह बालकों की कुर्सी दौड़ प्रथम शेष कुमार, द्वितीय खिलेश, तृतीय ऋषभ रहे, आंगनबाड़ी के 3 से 6 वर्ष के बच्चों की कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर कुणाल, द्वितीय स्थान पर नयन, तृतीय स्थान पर हिमानी रही। वहीं, पद्ममिनी ने प्रथम, द्वितीय स्थान इन्दु और तृतीय स्थान पवन ने हासिल किया। जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया।

### 31 दिसंबर तक पीएम आवास को पूरा करें

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने के लिए पुनः आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दौरा किए। पूर्व में दिए गये निर्देशो के अनुसार कार्य के प्रगति की समीक्षा किए। मकान बनाने वाली एजेंसी को निर्देशित किए है कि 31 दिसम्बर तक जिन ब्लॉको की लाटरी हो चुकी है, उसके हितग्राही 50 प्रतिशत तक राशि जमा कर चुके है।








## खबर संक्षेप

### ग्राम चारभांठा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 21 से



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम चारभांठा में आगामी 21 से 29 दिसम्बर तक 9 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन उत्तम साहू एवं नंदनी साहू द्वारा किया जाएगा। प्रवचनकर्ता मां कोदोरास अन्नपूर्णा मंदिर सिलौटी के आचार्य पुष्कर तिवारी होंगे। वे प्रतिदिन सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे तक एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का एवं कथाओं का रसपान कराएंगे।

### दुपचेरा में महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गुरूर।** ग्राम दुपचेरा में स्वच्छता अभियान के तहत महिला समूह द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत समूह की महिलाओं ने सार्वजनिक स्थान तालाब पार, हैंडपंप के पास एवं गलियों में साफ सफाई की। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। महिला स्व सहायता समूह को प्रोत्साहित करते हुए जनपद सदस्य एस कुमार कलिहारी ने भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने हुए कहा कि स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है।

### चैनगंज में मानस गान प्रतियोगिता 23 से

**गुण्डरदेही।** ग्राम चैनगंज में तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक किया गया है। रात्रि कालीन मुख्य आकर्षण के रूप में 23 दिसंबर को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

प्रतिभागी कवि के रूप में श्याम राष्ट्रपति पुरस्कृत सीताराम साहू, डॉ परवीन बुशरा, केशवराम साहू, रमेश यादव, माखनलाल साहू, जलज ताम्रकार शामिल होंगे। 24 दिसंबर को जय सहोदर राउत बाबा जस एवं फाग मंडली अंडा तथा 25 दिसंबर को लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति के संयोजक श्री कृष्ण मानस मंडली चैनगंज के अध्यक्ष लीलारसिंह सिन्हा ने बताया कि विगत 38 वर्ष से लगातार यह आयोजन स्वर्गीय अजय पाल सिंह राय की पुण्य स्मृति में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से आयोजित की जाती है। इस वर्ष कुल 22 मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी। समापन समारोह में पूर्व सांसद मोहन मांडवी, पूर्व विधायक राजेंद्र राय एवं श्यामलाल कंवर शामिल होंगे। प्रतिभागी मानस मंडली पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3100 एवं महिला वर्ग में 2100 रखा गया है। इसके अलावा दानदाताओं द्वारा दी जाने वाली सदाबहार राशि प्रत्येक मंडली को भेंट की जाएगी।

### सुंदरकांड पाठ 23 को

**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार स्थित गुरुद्वारा के पीछे संपतलाल धुवे, प्रवीण धुवे, भूमिका धुवे के निवास में 23 दिसंबर को सुंदरकांड पाठ का आयोजन है। इस दौरान सुबह 11 बजे से 2 बजे तक इसके बाद भगवान हनुमान जी का भोग दोपहर 2 से 5 तक रहेगा।

**आयोजन : पशुधन विकास विभाग जिला बालोद द्वारा किया गया आयोजन**

# भरदाकला में हुई जिला स्तरीय पशु मेला व प्रतियोगिता, उत्कृष्ट पशु-पक्षी सम्मानित

**प्रदर्शनी में सबसे खास आकर्षण का केंद्र रही पुंगनूर गाय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद






जिले के ग्राम भरदाकला में पशुधन विकास विभाग जिला बालोद द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र पुंगानूर गाय रही।

इसमें विभिन्न आयु वर्ग के पशु पक्षियों जैसे दुधारू गाय, भैंस, बछिया, बछड़ा, बकरी, बकरा, मुर्गी, मुर्गा का प्रदर्शन प्रतियोगिता की गई। साथ ही चयन समिति द्वारा चयनित उत्कृष्ट पशु पक्षियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा थी। अध्यक्षता जनपद गुंडरदेही अध्यक्ष सुचित्र साहू ने किया, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज, कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत बालोद सभापति ललिता पीमन साहू, नगर पंचायत अर्जुंदा अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, जनपद सदस्य दुर्गेश्वरी यादव, भरदाकला के सरपंच लक्ष्मीबाई मेरिहा, वरिष्ठ जन क्रांति भूषण साहू, विश्व हिंदू परिषद के प्रशांत भारद्वाज आदि मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में सबसे खास आकर्षण का केंद्र पुंगनूर गाय थी। यह दुनिया की सबसे छोटी गाय और उन्नत नस्ल की मानी जाती है। इस गाय को कृत्रिम गर्भाधान द्वारा बालोद जिले ग्राम पैरी के पशुपालक गौरव माहेश्वरी के घर मे उत्पन्न किया गया है। कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता विभाग के घनश्याम यदु निवासी खेरूद हैं। जिनके प्रयास से बालोद जिले में इस तरह का पहली गाय उत्पन्न किया गया है। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे छोटी नस्ल की यह गाय है। जो आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में पाई जाती है। इस जिले के पुंगनूर शहर पर इसका नाम रखा गया है। इसकी ऊंचाई 97 से 107 सेंटीमीटर और वजन करीब 170 से 240 किलोग्राम के बीच होती है तथा दूध उत्पादन 1 से 2 किलोग्राम प्रतिदिन होती है। तो बताया जा रहा है कि बालोद जिले में कृत्रिम गर्भाधान के जरिए पुंगनूर गाय उत्पन्न करने का यह छत्तीसगढ़ में पहला मामला है।

आयोजन में पहुंचे अतिथियों को विभाग द्वारा मोमेंटो, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही किसानों और पशुपालकों को पशुपालन पर ध्यान देने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की गई।



#### पशु संगणना में सहयोग की ली शपथ

कार्यक्रम स्थल पर एक सेल्फी जोन भी बनाया गया था। इसमें 21वीं पशु संगणना 2024-25 को लेकर शपथ लिखा गया था कि हम सभी इसमें पूर्ण सहयोग करेंगे। इस दौरान विभाग से उप संचालक डॉक्टर डीके सिहारे, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर टीडी देवांगन, डॉ कमलेश ठाकुर, डॉ बीके विश्वकर्मा, डॉ अभिषेक मिश्रा, अर्जुंदा पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉ एसके नायक, डॉ जीडी कौशल, डॉ चूड़ामणि चंद्राकर, जिला कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ बीएस नायक, गुण्डरदेही विकासखंड के एवीएफओ बीआर सिन्हा, एचके मधुकर, पूर्णानंद पटेल, शिव निषाद, जाधव कुजूर, चैतन्य साहू सहित सभी स्टाफ, परिचारक, ड्रेसर गौ सेवक आदि मौजूद रहे।

#### गौ सेवा संस्थान के सदस्यों को किया गया सम्मानित

नगर अर्जुंदा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो वर्ष से गौ सेवा के लिए कार्य कर रहे अघन्य गौ सेवा संस्थान के सदस्यों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। अघन्या सेवा संस्थान के सदस्य दुर्घटना में घायल व अन्य बीमार गायों का निःशुल्क रूप से इलाज करने का कार्य करती है। कार्यक्रम में सदस्य शिक्षक शाहिना बानो, मनीष सेन, योगेंद्र उके, सौरभ ठेठवार, अनिल यादव सम्मानित हुए।

## फैक्ट्री में हादसा मजदूर की मौत

**भिलाई।** फैक्ट्री में काम कर रहे एक मजदूर की हादसे में मौत होने का मामला सामने आया है। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र फौजी नगर में स्थित न्यूटेक फाउंड्री नामक फैक्ट्री में मजदूर प्रीतराम साहू काम करता था। हादसे में उसकी मौत हो गई। खबर लगने पर परिजनों ने मुआवजे की मांग कंपनी प्रबंधन से करने पहुंचे। परिजनों को फैक्ट्री मालिक की ओर से 2 लाख रुपए का मुआवजा राशि दिया गया। शेष दुर्घटना राशि का भुगतान लेबर आफिस के माध्यम किए जाने पर सहमति बनी। 16 दिसंबर को न्यूटेक फाउंड्री में काम करते समय मजदूर प्रीतराम साहू गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे बीएम शाह अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## गीता जयंती और मोक्षदा एकादशी पर नगर में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कान रायपुर द्वज्ञरा किया गया आयोजन

गीता जयंती और मोक्षदा एकादशी उत्सव का आयोजन नगर में किया गया। यह श्रीमद् भगवद्गीता के प्रकट्य दिवस (अविर्भाव दिवस) के रूप में मनाया जाता है। इसके तहत प्रभुपाद ग्राम के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कान रायपुर इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कन्सिसियस द्वारा गुरुर ब्लॉक के गाँवों में भगवद्गीता के संदेशों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसके तहत इन कार्यक्रमों में भगवद्गीता का वितरण करने हेतु एक स्टॉल की स्थापना, एकादशी प्रसादम का वितरण, श्रीमद्भगवद्गीता के संदेशों और श्री कृष्ण के नाम के प्रचार के लिए नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से हमने अनेक लोगों को भगवद्गीता के दिव्य ज्ञान और उसके महत्व से अवगत कराया। इसमें केशवेन्द्र कुमार प्रभुपाद ग्राम का प्रणेता उपस्थित थे। इनके साथ प्रभुपाद ग्राम के सहयोगी सुरेन्द्र प्रभु, पूर्णिमा और रेशमा भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। उनके अथक प्रयासों और समर्पण के कारण यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। इनका मुख्य उद्देश्य श्रीमद्भगवद्गीता का अमूल्य ज्ञान गाँव-गाँव तक पहुँचाना और कृष्णभावनामृत के संदेश को जन-जन तक फैलाना है। प्रभुपाद ग्राम की विभिन्न गतिविधियों में प्रभुपाद ग्राम के अंतर्गत कई आध्यात्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

इनमें साप्ताहिक नगर संकीर्तन, विशेष रूप से रविवार के दिन अलग-अलग गाँवों में किया जाता है। इसके अलावा युवाओं के लिए श्रीमद्भगवद्गीता की कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं।




#### विद्यार्थियों को देते हैं श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान

इसमें भक्त प्रह्लाद स्कूल या भक्त प्रह्लाद इनिशिएटिव जैसे स्कूल कार्यक्रमों के माध्यम से प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान प्रदान करते हैं। इन कार्यक्रमों के साथ कीर्तन उत्सव, आध्यात्मिक जन्मदिन समारोह और विभिन्न संस्कारों का आयोजन भी करते हैं। संघ द्वारा गुरुर ब्लॉक के अलग-अलग गाँवों के लोगों को आमंत्रित किया जाता है कि वे संस्था के साथ जुड़ें और एक प्रामाणिक संगठन के निर्देशन में भक्तिमय जीवन व्यतीत करें। इसके लिए शास्त्रों का व्यवस्थित अध्ययन और भक्ति जीवन की गहरी समझ प्रदान की जाती है।

## 6 साल पहले जारी सूची से मंगाए जा रहे पदोन्नति के लिए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राज्य के सबसे बड़े विभाग स्कूल शिक्षा विभाग की बेतरतीब कार्यशैली, लालफीताशाही व कर्मचारी हितों के प्रति उदासीनता से विभाग के लाखों कर्मचारी न केवल आहत हैं, बल्कि उनमें भारी आक्रोश भी व्याप्त है। ज्ञातव्य है कि स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के लगभग 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त हैं। व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 07 वर्षों से पदोन्नति नहीं दी गई है, जबकि फीडिंग कैडर के लाखों कर्मचारी बेसब्री से न केवल पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं बल्कि पदोन्नति से वंचित रहते हुए सेवानिवृत्त भी हो रहे हैं।

शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि विगत सरकार के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग की ज्यादातर कार्यवाहियां जैसे स्थानांतरण, पदोन्नति व सीधी भर्ती में पदस्थापना आदि सवालों के घेरे में रही। भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार के न केवल आरोप लगे बल्कि जांच, निलंबन व न्यायालयीन हस्तक्षेप भी हुए। अभी भी लगभग 04 हजार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों पर तलवार लटक रही है, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग न तो पिछली घटनाओं से कोई सीख ले रहा है न ही सुधार का कोई प्रयास कर रहा है। अतः मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली का संज्ञान लें और आवश्यक हस्तक्षेप करें। वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए विगत 06 वर्षों से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाई गई है, जबकि संगठन ने उक्त सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटि रहित सूची जारी करने की मांग की थी। प्राचार्य पदोन्नति के लिए जारी अंतिम व्याख्याता वरिष्ठता सूची में कई गम्भीर त्रुटियां अब भी व्याप्त है, फिर भी इसी सूची से पदोन्नति के लिए प्रस्ताव भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इस सूची में ऐसे व्याख्याता एलबी के भी नाम हैं जो पांच वर्ष पूर्व तहसीलदार बन चुके हैं, तो कोई मृत हो चुके हैं। म.प्र. से स्थानांतरित व अंतर्नियोक्ता स्थानांतरण का लाभ ले चुके कर्मचारियों को नियोक्ता का परिवर्तन होने के बावजूद उनकी प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता दी गई। अनेक पदोन्नत कर्मचारियों को उनके पूर्व पद से वरिष्ठता दे दी गई है। इस त्रुटिपूर्ण सूची से पदोन्नति होने पर कई अपात्र की पदोन्नति हो जायेगी जबकि पात्र वंचित रह जाएंगे।

#### विसंगतियों के निराकरण की मांग

शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अविलंब विसंगतियों के निराकरण की मांग की है। समुचित समाधान नहीं होने की स्थिति में संगठन द्वारा विरोध की बात कही। प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने शिक्षक एलबी संवर्ग से व्याख्याता पद पर पदोन्नति हेतु प्रस्ताव नहीं मंगाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत लगभग 01 लाख 80 हजार एलबी संवर्ग के शिक्षकों को उनकी संख्या के अनुपात में पदोन्नति का पद नहीं दिया जा रहा है जो कि एलबी संवर्ग के हितों के प्रति कुठाराघात है। एलबी संवर्ग को पदोन्नति के अत्यंत कम पद दिए जाने का विरोध करते हुए एलबी संवर्ग को उनकी संख्या के अनुपात में वर्तमान की कुल रिक्तियों के आधार पर पद देने की मांग की है।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- बच्चों के घर की भाषा में सीखने एवं बहु भाषा शिक्षण पर दिया गया जोर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा निर्देशित भाषा के माध्यम से एकता भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा शिक्षण विशेषकर बच्चों के घर की भाषा में सीखने एवं बहु भाषा शिक्षण पर जोर दिया गया है। भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत नागरिकों में एकता की भावना एवं संस्कृति को संरक्षित करने हेतु भाषा के महत्व को समझना जरूरी है। स्कूली स्तर से ही प्रादेशिक भाषाओं के गीत एवं संवाद को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि भारतीय भाषा उत्सव भाषा विविधता की सुंदरता का आनंद लेने और उसे विविधता में आत्मीयता की भावना को अनुभव करने के लिए भाषा उत्सव मनाया जाता है। तमिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर आयोजित भाषा उत्सव का उद्देश्य भाषाई अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करते हुए छात्रों में क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति गर्व और रुचि को बढ़ावा देना है।

**विभिन्न भाषाओं से संबंधित हुए विविध कार्यक्रम:** इस कार्यक्रम में छात्रों ने प्रादेशिक भाषाओं के असमी, उड़िया, मराठी, गुजराती, राजस्थानी गीतों के सारांश अर्थ के भाव सहित प्रस्तुत किया। छात्रों ने दीवार भित्ति पत्रिका के माध्यम से बुजुर्गों द्वारा सुनी कहानी, स्थानीय घटना के रिपोर्टिंग, कविता की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित किया। नेचर वाक गतिविधि में आसपास पाए जाने वाले पेड़ों को पहचान कर स्थानीय भाषा एवं अन्य भाषा में बोर्ड में प्रदर्शित किया गया। बच्चों के रचनात्मक लेखन कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए स्वरचित कविता पर आधारित एक हस्तलिखित पत्रिका भी बनाई जाएगी, भाषा मित्र योजना के माध्यम से विभिन्न राज्य के छात्र शिक्षक पत्र व्यवहार कर भाषा और उसके दैनिक बोलचाल में प्रयुक्त वाक्य को सीख सकते हैं।

#### भाषा सामग्री व शब्द भंडार संरक्षण के लिए बनाया जाएगा म्यूजियम

प्रभारी प्रधान पाठक चेतन यादव ने कहा कि शिक्षकों में स्थानीय भाषा के उपयोग के प्रति जागरूकता लाई जाएगी। भाषा सामग्री एवं शब्द भंडार के संरक्षण के लिए भाषा म्यूजियम कक्ष बनाया जाएगा। सुषमा तिवारी ने कहा कि भाषा उत्सव यात्रा के माध्यम से बच्चे एवं समुदाय अपनी लोक कला, संस्कृति के साथ भाषायी विरासत का परिचय प्राप्त कर सकेंगे। नीलम पांडे ने कहा कि बच्चों को विभिन्न मुद्दों पर अपनी भाषा में नाट्य संवाद एवं कविता लेखन हेतु प्रेरित किया जायेगा। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाषा उत्सव कार्यक्रम में तुषार, भीष्म ने संस्कृत गीत, विकास ने मराठी गीत, सानिया बोहरा ने पंजाबी गीत, वर्षा, वंदना ने गोंडी गीत प्रस्तुत किए। भाषायी संवाद में खुशबू, प्रियांशी ने सिंधी एवं सानिया, वंदना ने पंजाबी भाषा में संवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मनोरमा कुंभज ने किया।

### 80 बोरा धान की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सहकारी समिति के गोदाम से धान चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम घोठा निवासी सहकारी समिती ग्राम घोठा में सहयाक प्रबंधक राजू लाल पटेल ने शिकायत किया कि धान खरीदी केन्द्र ग्राम हिरेतरा में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरु हुआ। जहां किसानों का धान खरीदी कर धान के बोरो को लाट के रूप में रखा जा है। एक लाट में करीबन 2500 बोरो की संख्या होता है।




## डौंडीलोहारा में गायत्री महायज्ञ 21 से



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 21 से 24 दिसंबर को विराट 51 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ रामनगर धनगांव रोड डौंडीलोहारा में किया जा रहा है। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। कार्यक्रम की शुरुआत 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मंगल कलश यात्रा के साथ होगी। सायं 4 बजे युग संगीत एवं प्रज्ञा प्रवचन होगा। 22 को प्रातः 6:30 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग आसन, प्रातः 8 बजे से 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ देव पूजन यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, दोपहर 2:00 बजे से संगठनात्मक संकल्प तथा नारी जागरण सम्मेलन, संध्या 5:00 बजे से युग संगीत एवं प्रज्ञा पुराण कथा। 23 दिसंबर को प्रातः 6:00 बजे से ध्यान साधना प्रज्ञा योग प्रातः 8:00 बजे से 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार दोपहर, 2:00 बजे से युवा जागरण एवं कार्यकर्ता गोष्ठी, संध्या 5:00 बजे से युग संगीत एवं प्रज्ञा प्रवचन होगा। 24 को ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ ही गर्भवती माताओं का पुंसवन, छोटे बच्चों का नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, कर्णछेदन, जन्म दिवस 16 वर्ष से ऊपर वर्ग के लोगों के लिए दीक्षा यज्ञोपवीत संस्कार तथा विवाह योग्य युवाओं के लिए विवाह संस्कार निशुल्क कराए जाएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग होंगे। साथ ही श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक संत श्री रामबालक दास, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, नगर पंचायत डौंडीलोहारा अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

